## महत्वपूर्ण एवं खास

### तीस लाख मंजूर रूपये से दबाये बीस लाख रूपये

**भ्रष्ट सरपंचो का सिरमौर बन चुका है कलमी का सरपंच**

रायगढ़ (आरएनएस)। जिला मुख्यालय रायगढ़ से बमुश्किल 5-6 किलोमीटर दूर कलमी गांव है। यही गांव ग्राम पंचायत कलमी का मुख्यालय भी है। विकास और जन सुविधाओं के लिहाज से अगर यह ग्राम पंचायत सबसे पीछे है तो इसी ग्राम पंचायत का सरपंच भ्रष्टाचार के मामले में सबसे आगे है, ऐसा कहना अतिशयोक्ति नहीं है। बयार संवाददाता ने ग्राम पंचायत कलमी जाकर वहां की पूरी हकीकत को अपनी नंगी आंखों से देखा है और पाया है कि पूरे ग्राम पंचायत क्षेत्र में विकास का कहीं कोई नामो-निशान ही नहीं दिखलाई पड़ता। इस संवाददाता को मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम पंचायत कलमी को अपने क्षेत्र में विभिन्न निर्माण कार्यो के लिये चौदहवें वित्त आयोग मद से करीब तीस लाख रूपये का आबंटन दिया गया था और ग्राम पंचायत को ही निर्माण एजेंसी बनाया गया था, लेकिन सरपंच द्वारा ज्यादातर निर्माण कार्यो को कागज में ही या फ्रि घटिया स्तर का करके तीस लाख रूपये में से कम से कम बीस लाख रूपये सरपंच ने उदरस्थ कर लिया है।

### कोयले की लोडिंग करने आए वाहनों से डीजल चोरी का आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़ (आरएनएस)। तमनार थाना क्षेत्र के डोंगामहुआ कोल माईंस में कोयले की लोडिंग करने आए वाहनों से डीजल की चोरी के आरोपी को पुलिस ने मय वाहन गिरफ्तार किया है। रविवार को ये जानकारी तमनार थाने के टीआई विवेक पाटले ने दी। उन्होंने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि घरघोड़ा क्षेत्र का डीजल तस्कर डोंगामहुआ क्षेत्र में चार पहिया वाहन सफेद रंग की बोलेरो से संदिग्ध रूप में घूमती देखी गई। पुलिस ने वाहन को लिबरा चौक के पास रोका। वाहन चालक किरण राठिया (21) निवासी ग्राम बरपाली थाना घरघोड़ा को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से 150 लीटर डीजल भी जब्त किया गया है। कार्यवाही में तमनार थाना प्रभारी विवेक पाटले सहायक उपनिरीक्षक टोप्पो एवं जेपी निषाद ,आरक्षक भीष्म देव सागर, राजेश राठिया ,ओम पटेल शामिल रहे। उसे सक्षम न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका पद के लिए दावा-आपत्ति 14 तक आमंत्रित

रायगढ़ । एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ शहरी अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र मोदीपारा वार्ड क्रमांक 9 एवं रामभांठा बी वार्ड क्रमांक 3 में कार्यकर्ता पद तथा धांगरडीपा बी वार्ड क्रमांक 2 मोदीपारा वार्ड क्रमांक 40 में सहायिका पद के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया था। प्राप्त आवेदनों का मूल्यांकन समिति के द्वारा जांच पश्चात अनंतिम मूल्यांकन सूची परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है। उक्त सूची के संबंध में किसी भी आवेदिका को कोई आपत्ति हो तो वे 14 जनवरी शाम 5 बजे तक एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय रायगढ़ शहरी में दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति मान्य नहीं किए जायेंगे।

### अल्प संख्यक समुदाय ऋण हेतु आवेदन 15 तक

रायगढ़। जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति रायगढ़ द्वारा टर्मलोन के रूप में स्वयं का व्यवसाय करने के इच्छुक अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों से 15 जनवरी शाम 5:30 बजे आवेदन आमंत्रित किया गया है।

# कांग्रेस ने खोज निकाले 12 विभीषण, डॉ. राजू व चीकू बासुदेव भी होंगे बाहर

## जिला कांग्रेस कमेटी ने 10 को किया निलंबित, 2 के लिए पीसीसी को प्रस्ताव

रायगढ़। विस चुनाव में पांचों सीटे जीतने वाली कांग्रेस ने पार्टी के भीतर से 12 विभीषण खोज निकाले हैं। रायगढ़ सीट से नामांकन दाखिल करने वाले डा राजू समेत 10 नेताओं को निलंबित कर दिया गया है। वहीं प्रदेश कांग्रेस सचिव अनिल अग्रवाल (चीकू) एवं जिपं सदस्य बासुदेव यादव को निलंबित करने के लिए पीसीसी को प्रस्ताव भेजा है।

कांग्रेस ने जिले में क्लीन स्वीप करने के बाद अब पार्टी के भीतर भी डैमेज कंट्रोल करने के लिए सफाई शुरू कर दी है। विस चुनाव में पार्टी के प्रत्याशियों के विरोध में काम करने वाले नेताओं को बाहर का रास्ता दिखाने के लिए पार्टी ने काम शुरू कर दिया है। रायगढ़ विस में प्रत्याशी के लिए प्रकाश नायक के अलावा डा राजू अग्रवाल एवं उनके भतीजे अनिल अग्रवाल चीकू का भी नाम चर्चा में था। वहीं जिपं सदस्य बासदेव यादव ने भी दावेदारी ठोक रखी थी। डॉ राजू ने तो टिकट मिलने से पहले नामांकन भी दाखिल कर दिया था लेकिन बाद में वापस ले लिया था। चुनाव प्रचार शुरू हुआ तो पार्टी के अनुसार इन नेताओं ने दूरी बना ली और पार्टी प्रत्याशी के लिए प्रचार प्रसार ना करे विरोधियों का अप्रत्यक्ष रूप से साथ दिया। जिससे पार्टी को नुकसान हुआ है। रायगढ़ से प्रकाश नायक एवं स्थानीय पदाधिकारीयों की शिकायत पर डॉ राजेंद्र अग्रवाल (राजू), अनिल अग्रवाल (चीकू), जयेश जैन, वासुदेव यादव, योगेंद्र यादव, मृत्युंजय सिंह वहीं खरसिया से उमेश पटेल व पदाधिकारीयों की शिकायत पर रविन्द्र पटेल, श्रीमती कृष्णा पटेल, मेदनी गभेल, रविन्द्र गभेल, बालक राम पटेल, अजय पटेल को विभीषण माना गया है। इनमें से कृष्णा पटेल जिपं अध्यक्ष रह चुकी हैं लेकिन बीजेपी से ओपी चौधरी के लड़ने के कारण उन्होंने चुनाव में दूरी बना रखी थी जिसके बाद जिला कांग्रेस कमेटी 10 कांग्रेसियों के विरुद्ध निलम्बन की कार्यवाई की है और अनिल चीकू एवं बासुदेव यादव के निलंबन के लिए प्रदेश कांग्रेस को अग्रिम कार्यवाई हेतु लिखा है, क्योंकि दोनों ही प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि हैं।

### तीन सीट पर नहीं मिले बागी

**जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अरुण मालाकार ने बताया कि रायगढ़ जिले के पांचों विधानसभा मे से रायगढ़ व खरसिया मे ही शिकायत प्राप्त हुआ है, जबकि लैलूंगा,धरमजयगढ़, सारंगढ़ विधानसभा से किसी प्रकार की कोई शिकायत नहीं मिली है। जिसके आधार पर निलम्बन कर नोटिस जारी किया गया है और सात दिवस के भीतर स्पष्टीकरण मांगा गया है। संतोष प्रद जवाब प्रस्तुत न होने की स्थिति में पार्टी विरोधी कार्य करने वाले सभी लोगों के ऊपर अनुशासनहीनता की कार्यवाई कर बाहर कर दिया जाएगा।**

# रायगढ़ फूड्स को किया ब्लेक लिस्टेड, श्याम की कटेगी लाइन

## कस्टम मिलिंग नहीं करने पर कलेक्टर ने की राइस मिलरों पर कार्रवाई

रायगढ़। धान खरीदी में पंजीयन कराने के बाद भी कस्टम मिलिंग नहीं करने पर कलेक्टर ने राइस मिलरों पर कार्रवाई की है और रायगढ़ फूड्स एवं होटल को ब्लेक लिस्टेड कर सरकारी एवं निजी मिलिंग करने से भी रोक लगा दी है। वहीं ट्रांसपोर्ट नगर स्थित श्याम फूड्स की बिजली कनेक्शन काटने के आदेश दिए हैं।





समय पर धान का उठाव नहीं करने एवं एग्रीमेंट के बाद भी मिलिंग नहीं करने वाले राइस मिलरों पर जिले में अरसे बाद बड़ी कार्रवाई हुई है। नए कलेक्टर यशवंत कुमार ने जिले में कस्टम मिलिंग की समीक्षा करने के बाद उठाव नहीं करने वाले राइस मिलरों को अल्टीमेटम दिया था और एग्रीमेंट के बाद भी मिलिंग नहीं करने वाले तीन मिलरों को नोटिस जारी किया था। शनिवार को इनमें से दो पर कार्रवाई की गाज गिर गई। रायगढ़ फूड्स एंड होटल के संचालक सुभाष अग्रवाल ने कस्टम मिलिंग के तहत 64 हजार क्विटल धान उठाव का एग्रीमेंट किया था लेकिन उसना चावल की मिलिंग से राइस मिलर्स ने हाथ पीछे खींच लिए और एक दाना धान नहीं उठाया। हफ्ते भर पहले कलेक्टर ने नोटिस दिया तो मिलर ने जवाब देना भी जरूरी नहीं समझा। जिसके बाद कलेक्टर ने इसे छग कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश 2016 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3-7 के तहत दंडनीय अपराध माना है और ब्लेक लिस्टेड कर शासन द्वारा जारी कस्टम मिलिंग के अलावा मिलर को खुद के खाते से भी मिलिंग किए जाने पर रोक लगा दी है।

# 19वें राज्य युवा उत्सव की तैयारियों की ली सचिव ने ली जानकारी

रायगढ़। सचिव खेल एवं युवा कल्याण एवं जिले के प्रभारी सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने आज सर्किट हाऊस में 19 वें राज्य युवा उत्सव की तैयारियों के संबंध में चर्चा की। इस अवसर पर कलेक्टर यशवंत कुमार उपस्थित थे।



सचिव खेल एवं युवा कल्याण परदेशी ने कहा कि युवाओं को जोड़कर विभिन्न कलाओं को शामिल करते हुए 3 दिवसीय 19वें राज्य युवा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यकम में 27 जिलों से लगभग 1300 युवा शामिल होंगे। इस माह के अंत तक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि युवाओं के रूकने, भोजन, चिकित्सा, विद्युत, वाहन एवं अन्य व्यवस्था में जिला प्रशासन की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि 27 जिलों के दल का मार्च पास्ट भी होगा।

# काम शुरू नहीं किया तो उद्योग से वापस होगी जमीन

रायगढ़। जिले में जमीन अधिग्रहण करने के बाद भी सालों से काम शुरू नहीं करने वाले उद्योगो से इसे वापस लिया जाएगा। शनिवार को कलेक्टर ने प्रेस वार्ता के दौरान एलान किया कि नियमों के अनुसार ऐसे उद्योगों को चिन्हांकित किया जाएगा और शासन के निर्देश पर जमीन वापसी की प्रक्रिया शुरू करेंगे।



प्रदेश सरकार द्वारा बस्तर में टाटा द्वारा अधिग्रहित जमीन वापस करने के एलान के बाद जिले में भी इसकी संभावनाएं बन गई हैं। रायगढ़ में भी करीब 19 उद्योगों द्वारा जमीन लेने के बाद काम शुरू नहीं किया गया है। शनिवार को प्रेस वार्ता के दौरान कलेक्टर यशवंत कुमार ने भी इसके संकेत दे दिए हैं। पदभार ग्रहण करने वाले नव पदस्थ कलेक्टर यशवंत कुमार ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में पत्रकार वार्ता की। उन्होंने कहा कि जिले में कई जगहों पर सड़कें बन रही हैं जो अधूरी हैं या निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है ऐसी सड़कों को समय पर जल्द से जल्द पूरा कराया जाएगा। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों का विकास मेरी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता के कारण रूके हुए विकास कार्यों को गति प्रदान की जाएगी। वहीं जिले में खेल सुविधा का विस्तार करने की भी बात कलेक्टर ने की है। स्टेडियम के लिए बनी समिति की 2 साल से बैठक नहीं होने की बात जब उन्हें बताई गई तो उन्होंने इसके लिए पहल करने कहा है।

सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि स्टेडियम की रखरखाव की व्यवस्था की जाएगी। धान खरीद को लेकर भी सभी समितियों पर कड़ी नजर रखने की बात उन्होंने की।


SJU - Contact No. +91 9301915303 | E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता** — इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां** — मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु** — प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें** — संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU







**तत्काल आवश्यकता है**

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

**ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग**

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग. संपर्क करें मो.नं. 9039961090



स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480